तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार, 14 जुलाई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 पूर्व माध्यमिक शाला परपोड़ा में बाल सदन का हुआ गठन





12 प्राथमिक शाला गुनरबोड़ में लगाए गए पौधे




## खबर संक्षेप



### ग्राम पंचायत ओटेबंद में लगाए गए पौधे

**बेमेतरा।** केन्द्र सरकार के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ग्राम पंचायत ओटेबंद में पौधा लगाए गए। इस दौरान बेमेतरा जनपद पंचायत अध्यक्ष रीना मिथलेश वर्मा, सरपंच हरिराम साहू, प्रधान पाठक रामखेलावन वैष्णव, सौरभ शर्मा, भुवनेश्वरी शर्मा, सुनिता साहू,सचिव रूखमणि घृतलहरे, जयप्रकाश राज,खेमू वर्मा रोजगार सहायक, दलाराम साहू,उदल साहू,तुलसी साहू,ओम साहू, महिला समूह से पदमा राज, चुन्नी साहू,अन्नपूर्णा साहू,उषा चक्रधारी,एवं ग्रामवासी गण उपस्थित थे।

### विधायक अनिला का दो दिवसीय दौरा आज से

**डौंडीलोहारा।** विधायक अनिला भेड़िया आज से क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगी। इसके तहत 14 जुलाई को 12 बजे डौंडीलोहारा में पेंशनर समाज भवन के लोकर्पण कार्यक्रम में शामिल होंगी। उसके बाद ग्राम अंडी में भक्त माता कर्मा सामुदायिक भवन का लोकार्पण, ग्राम कोटेरा में कलामंच, गंजईडीह में कला मंच तथा ग्राम सेमरडीह मुक्तिधाम प्रतीक्षालय का भूमि पूजन करेंगी। वहीं, दूसरे दिन 15 जुलाई जुलाई को 12 बजे जीवनदीप समिति की बैठक में शामिल होने के बाद शासकीय महाविद्यालय खेरथा बाजार, आमापारा खेरथा बाजार बस स्टैंड, ग्राम भरनाभाट में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगी।

### पेंशनर भवन का लोकार्पण आज

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील डौण्डीलोहारा के बहुप्रतिक्षित नव निर्मित पेंशनर भवन का लोकार्पण आज विधायक अनिला भेंड़िया करेंगी। दोपहर 12 बजे आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकेश्वरी गोपी साहू नगर पंचायत अध्यक्ष डौण्डीलोहारा करेंगी। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि अनिल लोढ़ा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। संगठन की ओर से इस कार्यक्रम में प्रांताध्यक्ष चेतन भारती रायपुर एवं जिला अध्यक्ष बालोद टी.आर. महमल्ला को भी आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर पदाधिकारियों का सम्मान किया जाएगा। अध्यक्ष सियाराम शार्वा ने डौण्डीलोहारा एवं मारी बंगला देवरी के समस्त पेंशनर साथियों एवं बहनों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

### संस्कारशाला मैदान में क्रिकेट स्पर्धा आज

**दल्लीराजहरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला बालोद द्वारा खेलो भारत के आयाम से जुड़कर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता 14 जुलाई को संस्कारशाला मैदान में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में बालोद जिले के आसपास के गांव तथा स्कूल स्तर के खिलाड़ी व बच्चे भाग ले सकते हैं।

### तेज रफ्तार बाइक सवार ने बच्ची को मारी ठोकर

**बालोद।** जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों में युवक गली मोहल्लों में तेज रफ्तार में बाइक चलाते हुए नजर आने लगे हैं, कई बार इनकी वजह से लोग दुर्घटनाओं का शिकार तो होते हैं, वहीं तेज गति में बाइक चलने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक ताजा मामला 10 जुलाई को सामने आया, जब गली में तेज रफ्तार बाइक चलाते हुए बाइक सवार ने एक मासूम बच्ची को अपनी चपेट में ले लिया। तेज रफ्तार बाइक की ठोकर से सात साल की मासूम बच्ची का पैर में अंदरूनी चोटें आई हैं।

**आयोजन :** जिले में हुआ नेशनल लोक अदालत का आयोजन

# सालों से उलझे हजारों मामले सुलझे, कई परिवार हुए एक, चेहरों पर लौटी मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला न्यायालय बेमेतरा में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष बृजेन्द्र कुमार शास्त्री ने दीप प्रज्जवलित कर लोक अदालत का शुभारंभ किया। लोक अदालत में जिला न्यायालय प्रांगण में जिले के कोने-कोने से पक्षकार अपने प्रकरणों के निराकरण के लिए उपस्थित हुए। पक्षकारों की सुविधा के लिए विधिक सहायता डेस्क, स्वचलित चिकित्सकीय वेन, स्वास्थ्य डेस्क व समस्त बैंक, विद्युत विभाग द्वारा संचालित डेस्क एवं पक्षकारों को निःशुल्क पौधा वितरण के लिए डेस्क बनाए गए थे। नेशनल लोक अदालत हेतु जिला न्यायालय में 8 खण्डपीठ और तहसील साजा न्यायालय में 1 खण्डपीठ इस प्रकार जिला में कुल 9 न्यायालयीन खण्डपीठ का गठन कर दो-दो सुलहकर्ता सदस्यों की नियुक्ति की गई। इस दौरान नेशनल लोक अदालत में निराकृत प्रकरणों के आकडे अंतर्गत राजस्व प्रकरण 3937, अपराधिक प्रकरण 133, बैंक रिकवरी 38, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण 11, सिविल प्रकरण 14, विद्युत विवाद प्रकरण 50, पारिवारिक प्रकरण 22 क्लेम निष्पादन प्रकरण 02. निष्पादन 11. बी.एस.एन.एल. 11, चेक बाउंस 44 प्रकरणों सहित जिला में रिकॉर्ड अनुसार 5383 मामलों का निराकरण किया गया, जहां आपसी सहमति से सुनवाई के बाद पक्षकारों को बीमा, विद्युत्त व बैंक विवाद और अन्य प्रकरणों में कुल 3,00,07,725 रूपए की मुआवजा राशि वितरित की गई। उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के अनुक्रम में समस्त न्यायालीन कर्मचारी, पैरालीगल वालेंटियर्स, जिला प्रशासन, जिला पंचायत, नगर पालिका, विद्युत विभाग, समस्त बैंकों सहित अन्य समस्त विभागों का भरपूर सहयोग रहा है।

लोक अदालत में उपस्थित पक्षकारों को विधिक रूप से जागरूक करने के लिए किया गया लघु फिल्मों का प्रसारण जिला न्यायालय परिसर में पक्षकार के लिए बैठक व पेय जल व्यवस्था के साथ उन्हें विधिक रूप से जागरूक करने हेतु प्रोजेक्टर के माध्यम से घरेलू हिंसा, लैंगिक अपराधों से संबंधित, महिलाओं से छेड़छाड़ व साईबर क्राईम, मोटर दुर्घटना सहित विभिन्न विषयों पर लघु फिल्म दिखायी गयी।

**छायादार एवं फलदार पौधों का वितरण कर पक्षकारों को किया प्रोत्साहित-** नेशनल लोक आये में ग्रामीण अंचल से पहुंचे पक्षकारों को निःशुल्क पौधा वितरण डेस्क से फलदार, छायादार पौधों का वितरण कर प्रोत्साहित किया गया। साथ ही पक्षकारों के लिए सेल्फी जोन भी रखा गया। मां-बेटी के मध्य लंबित जमीनी विवाद में हुआ राजीनामा बेटी श्याम बाई (परिवर्तित नाम) द्वारा विधवा मां देवकी (परिवर्तित नाम) व बहन यशोदा (परिवर्तित नाम) के विरूद्ध लंबित सिविल अपील में प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री द्वारा उभय पक्ष के मध्य प्री-सिटिंग कर समझाईश देकर समझौता अनुसार दोनों बहनों को बराबर-बराबर भूमि के अतिरिक्त में बचत भूमि में तीनों माँ-बेटियों का नाम राजस्व अभिलेख में संयुक्त रूप से दर्ज किये जाने का अधिनिर्णय पारित किया गया जिससे मां बेटी खुशी-खुशी, साथ-साथ लौटे। न्यायालय प्रधान जिला न्यायाधीश की खंडपीठ में 11 क्लेम केस में 39 लाख की क्षतिपूर्ति राशि का अवार्ड पारित कर अन्य प्रकरण में जिला कबीरधाम निवासी मंतराम (परिवर्तित नाम) की मोटर वाहन से मृत्यु होने के पश्चात उसके पत्नि-पुत्री की ओर से धारा 166 मोटर यान अधिनियम 1988 के अतंर्गत प्रस्तुत आवेदन में न्यायालय श्री शास्त्री, प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा बीमा कंपनी से बातचीत के माध्यम से समझौता करा कर आवेदिकागण को कुल क्षतिपूर्ति राशि 14,50000 रूपये का अवार्ड पारित किया गया। अन्य मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण में भी प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा किये गये राजीनामा हेतु प्रयास पश्चात बीमा कंपनी द्वारा परिवारजन को 13 लाख 20 हजार रूपये क्षतिपूर्ति दिये जाने पर सहमति व्यक्त की।

**100 वर्षीय बुजुर्ग चेक पाकर हुआ भावुक-** चेक बाउंस के केस में जोहन वर्मा ने लक्ष्मीनारायण राठी से 1.5 लाख रूपये घरेलू आवश्यकता के लिए उधार लिया था। कई बार मांगने पर पैसा वापस नहीं किया अपितु ▶▶|शेष पेज 10 पर



### पिता और पुत्र के बीच पैसों को लेकर आई दरार, मामला सुलझा

पिता ने पुत्र के खिलाफ 30 लाख रूपये एवं पुत्र ने पिता के खिलाफ 25 लाख रूपये के चेक बाउंस का मामला दर्ज कराया था। पिता-पुत्र एक दूसरे का मुंह भी नहीं देखना चाहते थे। न्यायाधीश अनिता कोशिमा रावटे द्वारा समझादश दिये जाने पर पिता और पुत्र आपसी विवाद को भूल कर न्यायालय से राजीनामा किया। पिता ने पुत्र को गले लगाकर माफ किया।

### सात परिवारों में फिर लौटी खुशियां

जिले में आयोजित नेशनल लोक अदालत के तहत बेमेतरा कुटुम्ब न्यायालय में कुल 22 प्रकरणों का निपटारा हुआ। इनमें से पांच मामलों में दंपत्तियों को एक साथ सुलह-समझौता कर भेजा गया। इन पांचों प्रकरणों में दम्पत्तियों के मध्य लम्बे समय से लड़ाई-झगड़ा, विवाद चल रहा था, जिसके कारण वे अलग-अलग रहे थे। उन्हें समाजिक स्तर पर भी समझाईश दी गयी थी, किन्तु कोई परिणाम नहीं निकला। एक प्रकरण में तो आवेदिका महिला गर्भवती थी। एक अन्य मामले में एक पुत्री ने अपने पिता के विरूद्ध भरण-पोषण का मामला पेश की थी तथा एक मामले में एक विकलांग पिता ने अपने पुत्रों के विरूद्ध भरण-पोषण का मामला पेश किया था।



सभी मामलों में दोनों पक्षों को परिवार की महत्ता समझाते हुए उन्हें एक-दूसरे का सहारा बनने का बोध कराते हुए दोनों पक्षों के बीच राजीनामा कराया गया। सभी प्रकरणों में न्यायाधीश नीलिमा सिंह बघेल द्वारा विशेष प्रयास किया गया। प्रयास के दौरान परिवार न्यायालय के न्यायाधीश नीलिमा सिंह बघेल के साथ साथी अधिवक्ता लालबहादुर शर्मा एवं पी. राजेश्वरी उपस्थित थे एवं परिवार न्यायालय के समस्त स्टाफ भी इस सुखद पल के साक्षी बने।

# करोड़ों रुपए के मुरुम का अवैध खनन, सरपंच को नोटिस जारी

## ग्रामीणों की शिकायत पर नेवनारा पहुंचकर विभाग ने की थी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

ज़िला खनिज विभाग द्वारा ग्राम पंचायत नेवनारा सरपंच प्रमिला साहू एवं प्रतिनिधि कंवल साहू को अपने पंचायत क्षेत्र में मुरुम परिवहन की अनुमति लेकर नेवनारा में 10 एकड़ जमीन पर मुरुम का अवैध उत्खनन व तालाब को कुआं बनाये जाने के संबंध में विगत दिनों दूसरा नोटिस जारी कर दिया गया है। नोटिस के मुताबिक पंचायत सरपंच को पत्र प्राप्त होने के 07 दिनों के भीतर अपना जवाब प्रस्तुत करने को कहा गया है। यदि नियत समय पर जवाब नहीं मिलने पर पंचायत सरपँच के विरुद्ध खान एवं खनिज विकास अधिनियम के तहत एकतरफा दण्डात्मक कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

गौरतलब हो कि ग्राम पंचायत नेवनारा में परिवहन अनुमति की आड़ लेकर अवैध मुरुम उत्खनन एवं तालाब को कुएंरूपी गड्डे में तब्दील कर देने पर ग्रामीणों की लामबन्द व शिकायत पर खनिज प्रशासन ने सख्त एक्शन लेते हुए ग्रामीणों की उपस्थिति में उक्त खनन स्थल की जांच की थी। जिसमे नेवनारा स्थित खसरा नम्बर 31 व 11.49 रकबे पर डबरी तालाब की जांच की गई। साथ ही डबरी के पूर्व दिशा की ओर समीप के दोनों गड्ढों की माप में आयतन क्रमश 135520 घनमीटर एवं 11628 घनमीटर आया, जो कुल 147148 घनमीटर आने के कारण उसका खनिज रॉयल्टी एवं बाजार मूल्य में आकलन 3,67,87,000 रुपये अर्थात तीन करोड़ सड़सठ लाख सत्यासी हज़ार रुपये आंकी गयी है। चूंकि इस अवैध उत्खनन व परिवहन के खेल में पंचायत सरपँच व प्रतिनिधि की भूमिका स्पष्ट होने व उनके द्वारा संरक्षण दिए जाने को लेकर खनिज शाखा विभाग द्वारा दूसरी बार नोटिस दिया गया है। इसके पूर्व में भी पंचायत सरपँच को नोटिस दिया गया था जिसके जवाब समय पर न देने से दोबारा नोटिस पुनः जारी किया गया है।

### नोटिस मिलने से किया इनकार

सरपँच प्रतिनिधि कंवल साहू ने बताया कि उनको और उनके



यहां की सरपँच को किसी तरह अभी तक माइनिंग विभाग को नोटिस उन तक प्राप्त नहीं हुआ है। लिहाजा जवाब देने का सवाल ही नहीं उठता है। अगर नोटिस मिला रहता तो जरूर जवाब पेश कर अपना पक्ष रखते।

# देर रात सड़कों पर उतरे एसपी रामकृष्ण पशुओं का जमावड़ा देख खुद हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- पंचायतों की बैठक लेकर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश

जिले में आवारा पशुओं का जमावड़ा इन दिनों दुर्घटना का कारण बना हुआ है। बेमेतरा शहर के मुख्य मार्ग पर आवारा पशुओं के कारण राहगीरों वाहन चालकों का निकलना तक दूभर हो गया है। कई बार तो हालात ऐसी हो जाती है कि आवारा पशुओं के कारण जाम लग जाता है। रात में स्थिति और विकट हो जाती है। वहीं, कल नेशनल हाईवे सड़क पर बैठे मवेशी के कारण युवक की जान चली गई। अंचल की इस गंभीर समस्या को एस पी रामकृष्ण साहू ने गंभीरता से लेते एक सरहानीय कदम उठाया और अपने महकमे को देर रात मवेशियों को हटाने के साथ साथ नगर पालिका सहित पंचायतों की बैठक कर उचित निराकरण करने के निर्देश दिए।

गौरतलब हो कि शुक्रवार की देर रात पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू आकस्मिक निरीक्षण पर रहे। इस दौरान सड़क पर बड़ी संख्या में मवेशियों को बैठा देख स्थानीय यातायत व्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने तत्काल एक्शन लेते हुए एसडीओपी बेमेतरा एवं यातायात प्रभारी को सड़कों से मवेशियों को हटाने के निर्देश दिये। साथ ही शनिवार को नगर पालिका जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय सरपंचों की बैठक लेकर आवारा मवेशियों को सड़क से हटवाने तथा गौरक्षकों व पशुपालकों को ▶▶|शेष पेज 10 पर



### अधिकारियों से कहा हर रात करें पेट्रोलिंग

एसपी ने मौके पर ही मनोज तिर्की पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा, चंद्रदेव वर्मा थाना प्रभारी बेमेतरा एवं प्रवासी यादव यातायात प्रभारी पर नाराजगी व्यक्त किया और तत्काल कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने प्रतिदिन रात्रि में सतत पेट्रोलिंग करते हुये नेशनल हाईवे एवं सड़क किनारे के ग्रामों के चौराहों जैसे नवागढ़ मोड़, पिकरी तालाब, चौपाटी, प्रताप चौक, सिग्नल चौक, हास्पिटल चौक आदि पर बैठे मवेशियों को हटाने को कहा गया, जिससें सड़क में आने जाने वाले वाहन चालकों को आने जाने में असुविधा न हो साथ ही जिले के थाना व चौकी क्षेत्रांतर्गत प्रमुख सड़कों पर मवेशियों के बैठने की जगह चिन्हांकित करते हुए उनके पशुपालकों व ग्राम सरपंचों की बैठक लेकर मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर रखने के लिये विशेष ध्यान रखने को कहा गया।

**दिनभर हुई बारिश से गलियों में भरा पानी, खेत भी हुए लबालब**

# जमकर बरसे बदरा, कहीं राहत, कहीं आफत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय सहित जिले के चारों ब्लॉक बेरला, साजा, नवागढ़ अंचल में दूसरे दिन जमकर बारिश हुई। ज़िले के विभिन्न इलाकों में वर्षा जल के अभाव के सूखे की मार झेल रहे क्षेत्रों में बरसात की बूंदाबांदी से खेतों में भरपूर पानी उपलब्ध आ गई । बारिश सुबह से ही चारो विकासखण्ड इलाकों में जबरदस्त रही। लिहाजा आलम यह रहा कि खेत-खलिहान जलमग्न होकर पानी से सराबोर रहे। हालांकि ऐसी ही बारिश की उम्मीद क्षेत्रवासियों को लम्बे समय से थी, चूंकि अब वर्षा से झड़ी लगानी शुरू कर दी है तो किसानों की एक्टिविटी बढ़ गयी है। देखा जाये तो अभी ज़िले में कई किसान धान के बीज की बुवाई ही नहीं कर पाए थे और पिछले दिनों से वे बारिश की आस में प्रतीक्षारत थे। बहरहाल अब पानी की भरपूर उपलब्धता हो जाने पर फसल बुवाई में पिछड़े किसान फिर से तैयारियों में जुट चुके हैं। फिलहाल ज़िले में किसानी कार्यपद्धति की बात की जाए तो बेमेतरा ज़िले में ज्यादातर कृषक खेतों पर पानी की भरपूर मात्रा होने पर सीधा ▶▶|शेष पेज 10 पर



### फसल के लिए साबित होगी संजीवनी

वहीं दूसरी ओर यह बारिश किसानों के लिए अमृत तुल्य साबित हो रही है। इस समय पानी से खेत लबालब हो चुके हैं। शनिवार हुई बारिश का पानी धान के फसल के लिए संजीवन की तरह है, जिससे किसानों ने राहत की सांस ली।



### ईंट श्रमिक के घर से 70 हजार की चोरी

**बालोद।** ईंट बनाने वाले एक व्यक्ति के घर से 70 हजार रुपए की चोरी हो गई। पीड़ित ने थाने में मामले की रिपोर्ट लिखाई है। उसने आरोप लगाते हुए शिकायत की है कि उसके ग्राम कठिया निवासी परिचित जो शराब पीने के लिए 100 रुपए मांग रहा था, जिसे उसे मना किया तो कुछ देर बाद वह घर में घुसकर थैले में रखे नगदी रकम 70 हजार रुपए को चोरी कर फरार हो गया। घटना अर्जुन्दा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डूडीया का है। अर्जुन्दा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराने वाले नारेन्द्र प्रजापति पिता बिसनु प्रजापति निवासी ग्राम डुडिया ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ ईंट बनाने का काम करते हैं।


पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण के लिए आवेदन 30 तक

**दुर्ग।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु माह अप्रैल 2024 में सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसका परिणाम घोषित किया जा चुका है। चयन परिणाम भारतीय थल सेना के वेबसाइट अथवा जिला रोजगार कार्यालय दुर्ग के सूचना पटल पर देखा जा सकता है। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए 04 दिसम्बर 2024 से 12 दिसम्बर 2024 तक जिला रायगढ़ में शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की जायेगी। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिले के लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण अन्तर्गत अभ्यर्थी को 1.6 किमी दौड़, बीम पुल अप, गड्ढा कुदना तथा बैलेंसिंग इत्यादि प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 30 जुलाई तक अपना आवेदन उपसंचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग को प्रेषित कर सकते है।

### खानापूर्ति कर रहा दुर्ग नगर निगमः डॉ उमरे

**दुर्ग।** पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक उमरे ने दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से शहर में मवेशियों के कारण बढ़ रहे सड़क दुर्घटनाओं को रोकने जिला प्रशासन द्वारा उचित पहल करने की मांग किया है। उन्होंने बताया कि दुर्ग नगर निगम द्वारा महज खानापूर्ति के लिए मवेशियों को हटाने का दिखावा किया जाता है जबकि स्थिति जस की तस बनी हुई है। दुर्ग शहर के अंदरूनी मार्गों में आवारा मवेशियों के जमावड़े से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। रात के दौरान इससे लगातार दुर्घटनाएं बढ़ रही है। दुर्घटनाओं में आम लोगों के साथ-साथ सड़कों पर बैठे मवेशियों को भी दुर्घटना का शिकार होना पड़ रहा है। वाहनों की लाइट में ज्यादा दूर नहीं दिखने के कारण वाहन चालक सड़कों पर पसरे मवेशियों से टकरा रहे है। गली-मोहल्लों सहित शहर के मुख्य मार्गों पर भी मवेशियों का जमघट देखा जा सकता है। सड़क हादसों को रोकने के लिए मवेशियों को सड़क से हटाना जरूरी है। इस विषय पर व्यवस्था बनाने की जवाबदेही दुर्ग नगर निगम की है, लेकिन निगम प्रशासन को दुर्ग की जनता के परेशानियों से कोई सरोकार नही है। पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक उमरे ने दुर्ग कलेक्टर से दुर्घटनाओं को रोकने मवेशियों के पुख्ता इंतजाम के लिये तत्काल कारगर कदम उठाने की मांग किया है।

### सड़क पर ही बिठाए जा रहे बसों में सवारी

**राजनांदगांव।** शहर की सड़कों पर ही यात्री वाहनों में सवारियां बिठाने और उतारने से लगातार सर्विस लेन में यातायात का दबाव बन रहा है। जिसके चलते आवागमन कर रहे आम लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ जाता है। दोनों बस स्टैंड के पास आए दिन इस तरह की स्थिति निर्मित हो रही है। ज्ञात हो कि शहर में नया व पुराना दो बस स्टैंड हैं, जहां से बस यात्रियों को बिठाकर गंतव्य स्थान की ओर रवाना होती है, लेकिन देखने में आ रहा है कि नए व पुराने बस स्टैंड परिसर से बाहर सर्विस लेन में भी बसों को रोककर यात्रियों को बिठाया जा रहा है। वहीं सर्विस लेन में भी कई जगह वाहनों को रोक-रोककर सवारियां कराई जा रही है।

### ग्राम पंचायत भटगांव में एक दिन में 3 हजार पौधे लगाए

**दुर्ग।** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी देवांगन के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय जल मड़ई मुहिम चलाई जा रही है। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ द्वारा आम के पौधे का रोपण किया गया एवं ग्रामीणों को भी अपने घरों में पौधे रोपण करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। ग्राम पंचायत भटगांव ब्लॉक दुर्ग में सांसे हो रही है कम, आओ पेड़ लागाएं हम नारे के साथ 6 एकड़ एरिया में एक दिन में 3000 हजार वृक्षारोपण का कार्य किया गया एवं उनके देख-भाल की जिम्मेदारी ली गयी। पौधे रोपण कर भाविष्य में आने वाले जल संकट से बचाव एवं पर्यावरण को सुरक्षित करने की पहल की गई। गांव के मुक्तिधाम के आस-पास मनरेगा के 3000 पौधे रोपण किये गए।

# पाटन विधायक को कार्यक्रम में नहीं दिया न्योता, भड़के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

विगत दिनों पाटन में विकासखंड स्तर पर आयोजित शाला प्रवेशोत्सव में विधायक को आमंत्रित नही किए जाने का मामला गर्मा गया। कांग्रेस के जनप्रनिधियों ने अफसरों का जमकर घेराव कर दिया, वहीं अफसरों ने कहा ऐसी गलतियों को फिर से नही दुहराया जाएगा। जिसके बाद मामला शांत हो पाया। शुक्रवार को जिला पंचायत में स्थाई शिक्षा समिति की बैठक में कई ज्वलंत मुद्दों पर सदस्य मुखर दिखे।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं समिति के सभापति अशोक साहू ने कहा कि, पाटन में आयोजित विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में क्षेत्र के विधायक को ही आमंत्रित नहीं किया गया था। वे क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य होने के साथ शिक्षा समिति के सभापति भी है, फिर भी उन्हें कार्यक्रम में बुलाना उचित नहीं समझा गया। इस पर बैठक में मौजूद जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने कहा कि, उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। इस बारे में पता करेंगे। अन्य सदस्यों ने भी इस तरह के उपेक्षा की बात करते हुए कहा कि, भविष्य में ऐसा न हो सभी जन प्रतिनिधियों का सम्मान करें। जबकि कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी प्रवेशोत्सव के पहले जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने चेताया था। सदस्यों ने कहा कि, खेतो में डाले गए धान बीज सुखकर खराब हो गए हैं। सूखे की हालात को देखते हुए क्षति का आंकलन करने तत्काल सर्वे किया जाय और डीएमएफ से सिंचाई पाइप के लिए सब्सिडी दिए जाने का प्रस्ताव रखा। इस पर सर्वसम्मति से इसके लिए प्रस्ताव लेकर भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़, मनीष चंद्राकर, प्रीति वैष्णव, योगिता बंजारे, महेश्वरी हंकारा एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## जिला पंचायत में स्थायी शिक्षा समिति और जनपद में कृषि समिति की बैठक

### अधूरी स्कूल मरम्मत पर नाराजगी

बैठक में मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत करोडों रूपए जारी होने के बाद भी स्कूलों की मरम्मत नही होने का मामला चर्चा में रहा। स्कूल खुलने के बाद भी मरम्मत कार्य नही होने से सदस्य बिफरे रहे, उन्होने स्कूलों में शाला भवन व शौचालय निर्माण तथा मरम्मत के कार्य को लेकर शिक्षा विभाग एवं आरईएस के बीच समन्वय के अभाव में कार्य नहीं हो पाने का मुद्दा भी उठाया। पूर्व में जिला पंचायत सामान्य सभा में भी उपाध्यक्ष अशोक साहू यह मुद्दा उठा चुके है उन्होंने कहा स्कूल जतन योजना से स्वीकृत कई कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाए हैं वहीं कई अधूरे पड़े हैं इस पर राज्य सरकार ने भी जांच के निर्देश दिए है। वही अतिशेष शिक्षको की सूची नही देने का मामला भी तूल पकडता रहा।



### उद्यानिकी से नहीं मिला पावर टिलर

जनपद पंचायत कृषि समिति की बैठक में पावर विडर सप्लाई करने वाली एजेंसी को ब्लेक लिस्टेड करने प्रस्ताव लिया गया है। उक्त एजेंसी ने क्षेत्र के किसानों को अब तक पावर विडर नहीं दिया है और न ही किसानों को पैसा वापस कर रहा है। समिति के सभापति राकेश हिरवानी ने कहा कि, उद्यानिकी विभाग द्वारा पावर विडर मशीन वितरण अनुदान पर किया जा रहा है। इसके तहत अनेक किसानो को पावर विडर बांटा गया है। एजेंसी द्वारा दुर्व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तत्काल पावर विडर सप्लाई करने वाली उक्त एजेंसी को ब्लेक लिस्टेड किया जाए।

## खींचतान : दुर्ग का कचरा लाकर नांदगांव में फेंकने पर गांव में बवाल

# कचरे को लेकर भिड़े दो जिले के अधिकारी वाहन किया जब्त और थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर से निकलने वाले कचरों को रिसाइकल करने के बजाय निगम प्रशासन द्वारा इसे राजनांदगांव में डंप कराया जा रहा हैं। लंबे समय से कचरा डंप होने के कारण जहां वातावरण प्रदूषित हो रहा था, वही दुर्गंध और बदबू से ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया था। शुक्रवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट गया और उन्होने राजनांदगांव के एसडीएम से शिकायत कर दी । जहां एसडीएम ने दुर्ग के हाइवा वाहन को सोमनी थाने में जप्त कर नगरनिगम दुर्ग आयुक्त को पत्र लिखकर कार्यवाही करने कहा है।

जानकारी अनुसार पिछले लंबे समय से दुर्ग नगरनिगम से निकलने कचरा भरे हाइवा को नादगांव के ग्राम बघेरा में खाली किया जा रहा था। बघेरा के आलावा सोमनी के पास ग्राम मनघटा में ही कचरा डंप हो रहा था। लगातार दुर्गंध से हालाकान बघेरा के ग्रामीणों ने शुक्रवार को आंदोलन कर दिया। गांव में बवाल होने की खबर और शिकायत नांदगांव एसडीएम अतुल विश्वकर्मा के पास पहुंचे। वे तत्काल मौके पर पहुंचे और सोमनी थाने में वाहन सीजी 07 सीएफ 7712 को जप्त कराया। उन्होने नगरनिगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर को पत्र लिखा है। उन्होने बताया कि, इस मामले में कार्यवाही के लिए पत्र लिखा गया है। बघेरा के ग्रामीणों ने बताया कि, बीते कुछ दिनों से दुर्ग शहर से निकलने वाले कचरे को हाईवा ट्रक के जरिये लाकर जिले के गांव बघेरा में डंप किया जा रहा था। मौके पर पकड़े गए कचरे सहित हाईवा ट्रक को जब्त कर दुर्ग निगम को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की गई है।

### नगर निगम दुर्ग कचरे के निराकरण को लेकर नहीं बना रहा ठोस प्लानिंग, आए दिन विवाद

**खास बातें**

- निजी जगह पर लेबलिंग करने कचरे का हो रहा उपयोग
- एनजीटी के नियमों का हो रहा उल्लंघन, पर्यावरण प्रदूषित
- निपटारा बनी चुनौती



### रिसाइकल के बजाय फेंक रहे कचरा

शहर से निकलने वाले कचरों की पर्यावरण अधिनियम के तहत नियमानुसार विनष्टिकरण करना है। यह एनजीटी का गाइड लाइन भी है। वही दूसरा विकल्प इसका रिसाइकल करना है। लेकिन नगरनिगम सैकडों वाहनो से रोजाना कचरा फेंका जा रहा है। बघेरा के ग्रामीण इस कदर नाराज है कि उन्होने कहा है इस मामले के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं की गई तो इस मामले की शिकायत उनके द्वारा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से भी की जाएगी। ट्रक ड्राईवर ने बताया कि, यह कचरा नगर निगम दुर्ग से लाया जा रहा था। खदान में भरे हुए पानी में भी कचरा डाले जाने से आसपास के हैंडपंप का पानी प्रदूषण हो गया था। जिसकी भी शिकायत मौखिक रूप से ग्रामीणों ने दर्ज कराई थी।

### अलग-अलग गांव में हो रहा था डंप

नगरनिगम दुर्ग द्वारा इससे पहले ग्राम अंडा और रिसाली निकाय में कचरा डंप किया जा रहा था। वहां भी रिसाली आयुक्त और अंडा के ग्रामीणों के शिकायत के बाद दुर्ग जनपद सीईओ को पत्र लिखा गया था। वही अब निगम दुर्ग को छोडकर राजनांदगांव में कचरे से भरे हाइवा को भेज रही है। जिससे दोनो जिला प्रशासन के बीच ठन गई है। राजनांदगांव का मनघट वनक्षेत्र हैं, यहां रोजाना सैलानी आते है। लेकिन इस दुर्गंध से प्रशासन की किरकिरी हो रही थी। शुक्रवार को ट्रक क्रमांक सीजी-07-सीएफ-7712 हाईवा वाहन कचरा लेकर पहुंचा तो ग्रामवासियों ने उसे रास्ते में ही रोक लिया और मौके पर एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा को बुलाया। जिसके बाद कार्रवाई की गई है। बताया गया कि, इस इलाके में 20 से 25 हाईवा कचरा पहले ही फेंका जा चुका है।



**मुझे पत्र नहीं मिला**

ऐसी बात नही हैं मनघटा में कुछ दिन पहले निजी जमीन पर कचरा ले गया गए थे। हांलाकि इस संबंध में हमें पत्र नही मिला है।
-**लोकेश चंद्राकर**, आयुक्त नगरनिगम दुर्ग

**जब्त किया गया**

ग्रामीणों की शिकायत पर वाहन जप्त कर थाने के हवाले किया गया है। आयुक्त को इस संबंध में कार्यवाही करने पत्र भी लिखा गया है।
-**अतुल विश्वकर्मा**, एसडीएम, राजनांदगांव

### महिला कार्यक्रम अधिकारी प्रशिक्षण कार्यशाला



**दुर्ग।** राज्य स्तरीय एक दिवसीय महिला कार्यक्रम अधिकारी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन विगत दिनों इंदिरा गांधी कृषि विवि, रायपुर के सभागार में हुआ। जिसका मुख्य विषय नारी शक्ति से जल शक्ति पर केंद्रित रहा। यह कार्यक्रम डॉ.नीता बाजपेई राज्य एन.एस.एस.अधिकारी छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ के लगभग सभी विश्वविद्यालयों ने भाग लिया। हेमचंद विवि से 40 कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला संगठक ने भाग लिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा महिला कार्यक्रम अधिकारियों के लिए यह प्रथम कार्यशाला थी। जिसमें हेमचंद विवि से समन्वयक डॉ. आर.पी अग्रवाल,डॉ लीना साहू, डॉ. जैनेन्द्र दीवान, डॉ के एस परिहार डॉ चांदनी मरकाम, निशा साहू, संयुक्ता पाढ़ी, डॉ पुष्पा मिंज, मिथिला, डॉ नाजमा बेगम आदि शामिल हुए।

### पहली बार मितानियों को भी आनलाइन मिली प्रोत्साहन राशि



**दुर्ग।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के सभागार में 'नवा सौगात' मुख्यमंत्री द्वारा मितानिन प्रोत्साहन राशि का राज्यस्तर से सीधे बैंक खाते में भुगतान कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। शुक्रवार को आयोजित बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला नोडल अधिकारी मितानिन कार्यक्रम की उपस्थिति में जानकारी प्रदाय किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा मितानिनों को विभिन्न समस्याओं को पूछा गया एवं नवा सौगात मितानिनों को कैसा महसूस करवा रही है। चर्चा किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. सी.बी.एस. बंजारे जिला समन्वयक मितानिन कार्यक्रम, शहरी समन्वयक, एरिया समन्वयक एवं 25 मितानिनों की उपस्थिति हुई।

# मुख्य सचिव ने छत्तीसगढ़ विजन 2047 के संबंध में कलेक्टरों से मांगें सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन और उपाध्यक्षए राज्य नीति आयोग श्री अमिताभ जैन ने मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी संभागायुक्तों और जिला कलेक्टरों की बैठक ली। इस दौरान जिले के कमिश्नर सत्यनारायण राठौर एवं कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, डिप्टी कलेक्टर लवकेश ध्रुव सहित विभागीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े।

बैठक में अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन 2047 डाक्यूमेंट पर सभी संभागोंए जिलों से सुझावों लिए गए। छत्तीसगढ़ के विकास और भविष्य की योजनाओं पर व्यापक विचार.विमर्श किया गया। मुख्य सचिव ने इस दौरान जिला कलेक्टरों से प्राप्त सुझावों पर चर्चा की।

कलेक्टर सुश्री चौधरी ने जिले की विशिष्ट समस्याओंए आवश्यकताओं और क्षमताओं से अवगत कराया। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने विजन डाक्यूमेंट के संबंध में जिलों के जनप्रतिनिधियोंए नागरिकों और विद्यार्थियों के सुझाव प्राथमिकता से लिए जाने को कहा। आगामी दिनों में विजन डाक्यूमेंट 2047 के संबंध में आयोजित संवाद कार्यक्रम में लोगों की जनसहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। केंद्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न संस्थानों में भर्ती परीक्षाओं सहित अन्य रोजगार परीक्षाओं में सर्तकता बरतने को कहा। भविष्य में आयोजित होने वाले प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को संवेदनशीलता से कार्य करने के निर्देश दिए। भारत सरकार द्वारा एक जुलाई से 31 अगस्त तक स्टॉप डायरिया अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य सचिव ने डायरिया नियंत्रण के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने पेयजल के स्त्रोतों की साफ सफाईए पाइपो के लिकेज होने की शिकायत पर तत्काल पाइपों का सुधार एवं नए पाइप लगाए जाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### प्रभाजी की दीक्षा के पश्चात पहली बार होगा चातुर्मास

**दुर्ग।** श्री आदिनाथ श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट एवं श्री रतनात्रयी वर्षावास समिति दुर्ग के बैनर तले नवकार भवन ऋषभ नगर दुर्ग में मूर्ति पूजक संघ का चातुर्मास होने जा रहा है। इसी परिपेक्ष में 14 जुलाई को सुबह 8 बजे आदिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर गांधी चौक दुर्ग से प्रवेश यात्रा प्रारंभ होगी। मनोहर श्री जी, सुभद्रा एवं कीर्ति प्रभात श्री जी के आशीर्वाद से दुर्ग नगर की बेटी दर्शन प्रभा का अपने साध्वी समुदाय ज्ञान प्रभा, चरित्र प्रभा के साथ दीक्षा के पश्चात प्रथम बार यह चातुर्मास होने जा रहा है। प्रवेश के पश्चात दैनिक कार्यक्रमों में स्वाध्याय प्रवचन एवं प्रतिक्रमण की साधना प्रतिदिन गतिमान रहेगी रत्नत्रयी वर्षावास समिति के संयोजक अमित लोढ़ा एवं महामंत्री कांतिलाल बोथरा ने जैन समाज के सभी वर्ग के लोगों से उपस्थिति का आग्रह किया है। रत्नत्रयी वर्षावास समिति के संदीप निमानी, महावीर कोठारी सहित आदिनाथ मंदिर ट्रस्ट के सभी सदस्य इस चातुर्मास को भव्य बनाने में लगे हुए हैं।

# सड़क किनारे मलबे का ढेर, निगम ने मेडिकल संचालक पर लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम द्वारा शहर को साफ सुथरा रखा जा रहा है और यही कारण है कि सड़क या नाली किनारे रखी निर्माण सामग्री एवं मलमा के मालिकों पर कार्रवाही की तैयारी शुरू कर दी है। भवन निर्माण सामग्री के सड़क पर रखे होने के कारण यातायात तो बाधित होता ही है साथ ही गंदगी भी होती है।

- सड़क पर मलमा मिला तो सख्त कार्रवाई : आयुक्त

इस प्रकार की कार्रवाई के लिए वार्ड क्रमांक 28 हाउसिंग बोर्ड काम्पलेक्स स्थित कमला मेडिकल संचालक संकित जैन द्वारा सड़क किनारे भवन मलमा रखा हुआ पाया गया। जिसे आयुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग के वार्ड सुपरवाइजर के द्वारा एक हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नगर निगम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। कार्रवाई के लिए आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा भवन शाखा व निगम स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को दायित्व सौंपा गया है।



सड़क पर बाधा डालने वाले सामग्री की शिकायत या निरीक्षण के दौरान पाए जाने पर निगम द्वारा कार्यवाही की जावेगी। उक्त संबंध में भवन शाखा अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षकों को कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए गये है। इसी कड़ी में शुक्रवार को कार्यवाही की गई और सड़क पर निर्माण सामग्री रखे जाने पर एक हजार रुपए जुर्माना वसूले गए। नगर निगम के कर्मचारी द्वारा संचालक को कार्रवाई की चेतावनी देते हुए उसे शाम तक सड़क पर रखे मलमा हटाने को कहा गया है। अवैध सामाग्री नहीं हटाने पर जब्ती के साथ साथ और अधिक जुर्माना अधिरोपित की कार्रवाई अमल में लायी जाएगी।

## पेज 9 के शेष...

### सालों से उलझे...

परिवादी को चेक दिया जो बैंक में प्रस्तुत करने पर बाउंस हुआ। इसके कारण लक्ष्मीनारायण राठी द्वारा न्यायालय में चेक बाउंस का परिवाद प्रस्तुत किया गया। न्यायाधीश मो. जहांगीर तिगाला द्वारा जोहन वर्मा को कहा गया कि परिवादी तुम्हारे पिता तुल्य हैं, तुम्हारी मजबूरी में आर्थिक रूप से मदद भी की है। न्यायाधीश द्वारा दी गई समझाईश पर जोहन वर्मा ने लक्ष्मीनारायण राठी को पूरी राशि प्रदान की।

**कई प्रकरणों में हुआ राजीनामा-** भाईयों-भतीजों के मध्य परिवारिक संपत्ति के बंटवारे के प्रकरण को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, उमेश कुमार उपाध्याय द्वारा आपसी समझौते के आधार पर समाप्त करवाया। एक प्रकरण में पति-पत्नी दोनों आहत थे। पति जरूरी काम से हरियाणा गया था व एक अन्य प्रकरण आहत गर्भवती महिला थी। न्यायालय में उपस्थित होने में असमर्थ थी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, उमेश कुमार उपाध्याय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से राजीनामा करवाया। आहत संतोष यादव अपनी बीमार बुआ को देखने ग्राम-पिकरी गया था। अभियुक्तगण द्वारा गाली-गलौज करने पर दर्ज कराये गये 6 वर्ष पुराने प्रकरण में न्यायालय की समझाईश पर आहत ने किया राजीनामा। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में 08 ऐसे मामलों का निराकरण हुआ, जिसमें अभियुक्त एवं आहत पति-पत्नी, पिता-पुत्र व अन्य निकट संबंधी थे। पक्षकरों के मध्य न्यायाधीश द्वारा प्री-सीटिंग कर लोक अदालत के लाभ को समझाते हुए राजीनामा कर समाप्त कराया। किशोर न्याय बोर्ड के पीठासीन अधिकारी गुलापन राम यादव द्वारा समझौते के आधार पर 05 प्रकरणों का किया निराकरण।

**भरण-पोषण का आदेश-** लम्बे समय से मामूली झगड़े के कारण अलग-अलग निवासरत पति-पत्नी न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय नीलिमा सिंह बघेल की समझाईश के बाद एक बार फिर से एक हो गए। न्यायाधीश द्वारा पक्षकारों को नारियल, तुलसी पौधा व सप्तत्रापि सात वचन की प्रतिलिपि भेंट दी गई। अन्य प्रकरण में पति द्वारा 02 वर्ष की बच्ची सहित 07 माह की गर्भवती आवेदिका को बेसहारा छोड़ा था। कुटुम्ब न्यायालय न्यायाधीश द्वारा दी गई समझाईश के बाद 10 हजार प्रतिमाह भरण-पोषण का हुआ आदेश। अन्य प्रकरण में एक दिव्यांग बुजुर्ग को उसके बेटे द्वारा घर से निकाले जाने पर लंबित भरण पोषण प्रकरण में न्यायाधीश नीलिमा सिंह बघेल की समझाईश पर परिजन घर ले जाने को हुए तैयार परिवार परिजन को मिठाई खिलाकर हंसी-खुशी घर भेजा गया।

### देर रात सड़कों पर...

अपने मवेशियों को सुरक्षित रखने की अपील की। दरअसल बेमेतरा एसपी देर रात थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा क्षेत्रांतर्गत सुरक्षा व्यवस्था के लिए आकस्मिक भ्रमण पर थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे में बैठे मवेशियों को देख उन्होंने स्वयं उन्हें सड़क से हटाया। उन्होंने कहा कि सड़क पर बैठे मवेशियों के कारण कभी भी गंभीर सड़क दुर्घटना हो सकती है। जिससें मेवशी व वाहन चालकों को दुर्घटना में गंभीर चोट लगने की आशंका रहती है।

### जमकर बरसे...

बीज बोकर ही फसल उगाते हैं, तो दूसरे पद्धति में थरहा लगाकर खेत की अच्छे से जुताई कर एक एक फसल तैयार करते हैं जिसमें मेहनत व समय अधिक लगता है, किंतु दोनों ही तरीकों में पानी की काफी डिमांड होती है। फलस्वरूप इन दिनों दो दिनों से जारी बरसात के कारण पानी की भरपूर मात्रा खेतों पर उपलब्ध होने से क्षेत्र में धान के पौधे के अनुरूप अनुकुल वातावरण बन चुका है।

**नदी की तरह दिखने लगी सड़क-** शनिवार को सुबह से मौसम में परिवर्तन रहा दिन भर रुक रुककर रिमझिम बारिश जहां होती रही वही दो घंटे जोरदार बरसात हुई। दिन भर बारिश होने पर गांव-गलियों में जल भराव की स्थिति हो गई। जिससे सड़क व गलियों में पानी ही पानी नजर आ रहे हैं। पानी भरने के कारण सड़क नदी की तरह दिखाई देने लगी। इससे लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ा।

**तापमान में गिरावट आई -** गौरतलब है कि दो दिन से बारिश होने पर तापमान में भारी गिरावट आई है। इससे मौसम में ठंडक आ गई है और लोगों को गर्मी से निजात मिली है। लगातार बारिश होने से गलियों में 2 से 3 फिट पानी जलभराव की स्थिति हो गई है। वही एक तरफ नल जल योजना के अंतर्गत गांव की गलियों में गड्ढे खोदे गए हैं। दूसरी तरफ बारिश का पानी गलियों में भर जाने से समझ से परे हो गए हैं, जिससे ग्रामीणों के लिए समस्या खड़ी हो रही है।

# पहली बार न्यूरोसर्जरी क्रैनीप्लास्टियो ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



मध्यप्रदेश के निवासी कृष्ण कुमार आयु 35 वर्ष का जिला चिकित्सालय दुर्ग में 12 जुलाई को न्यूरोसर्जन डाक्टर कुलदीप सिंह एवम निश्चेतन विषेषज्ञ डां बसंत चौरसिया ने जिला चिकित्सालय में क्रैनीप्लास्टियो ऑपरेशन को सफलता पूर्वक किया। मरीज का 3 माह पूर्व प्राइवेट हॉस्पिटल में दिमाग में खून जम जाने की वजह से ऑपरेशन कर दिमाग की हड्डी को पेट में रखा गया था, ताकि भविष्य में मरीज के स्वस्थ हो जाने पर हड्डी को वापस लगाया जा सके। दिनांक 12 जुलाई को यह ऑपरेशन जिला चिकित्सालय में किया गया। ऑपरेशन के बाद मरीज स्वस्थ है। इस ऑपरेशन में नर्स शिबेन, नसरीन, मयूरी, रमेश की भी अहम भूमिका रही।

## खबर संक्षेप



### खमतराई शराब भट्ठी संचालक पर 31 हजार जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही ने स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों के प्रतिदिन दैनिक स्वच्छता निरीक्षण के दौरान जोन-1 के तहत खमतराई क्षेत्र में ब्रिज के नीचे के नाले में जबरदस्त गंदगी खमतराई शराब भट्ठी के समीप देखी। शराब भट्ठी के लोगों द्वारा नाले में जबरदस्त गंदगी फैलाया जाना पाया गया। जिस कारण नाले की निकास व्यवस्था पूरी तरह अवरुद्ध हो रही थी। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का क्रय-विक्रय होना स्थल पर पाया गया और इससे संबंधित प्राप्त जनशिकायत सही मिली। जोन स्वास्थ्य अधिकारी खेमलाल देवांगन को संबंधित खमतराई क्षेत्र शराब भट्ठी के संचालक पर तत्काल 31 हजार रुपए जुर्माना करने के निर्देश दिए। साथ ही शराब भट्ठी संचालक को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

### मोटर स्पिरिट अधिनियम निरस्त करने की मांग



**रायपुर।** छग पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयालदास बघेल को ज्ञापन सौंपकर मध्यप्रदेश मोटर स्पिरिट एवं हाईस्पीड डीजल ऑयल अधिनियम 1980 को निरस्त करने की मांग की है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विजय पाण्डेय ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि उक्त अधिनियम को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा 31 जुलाई 2020 को निरस्त किया जा चुका है, लेकिन छत्तीसगढ़ में यह अब भी लागू है, इसलिए यहां भी इस अधिनियम को निरस्त किया जाना चाहिए।

### चैंबर के इतिहास में पहली बार बने 10 हजार से अधिक सदस्य



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान कार्यकाल में चैंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में 10 हजार से अधिक चैंबर सदस्य बने हैं। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में शुक्रवार को चैंबर भवन में केक सेरेमनी का आयोजन किया गया। चैंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री पारवानी ने इस मौके पर कहा, ये मेरे लिए बहुत भावुक कर देने वाला क्षण है। यह उपलब्धि चैंबर के सभी व्यापारी भाइयों की उपलब्धि है। इस दौरान चैंबर के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं व्यापारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# खरसिया से परमालकसा तक नई रेललाइन बिछाने की तैयारी में रेलवे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

प्रदेश के दक्षिण क्षेत्र के लोगों को अब ट्रेन की सुविधा जल्द मिलने लगेगी। पूर्व और पश्चिम क्षेत्र में पटरी बिछाने के बाद अब रेलवे खरसिया से परमालकसा तक पटरियों का विस्तार करेगा, जिसके लिए रेल मंत्रालय से हरी झंडी मिल चुकी है।

नई रेल लाइन से शिवरीनारायण, लखोली, अभनपुर, राजिम होते हुए परमालकसा तक यात्रियों को ट्रेन की सुविधा मिलने लगेगी। प्रदेश में अब डबल इंजन की सरकार आने से प्रस्तावित रेल लाइन निर्माण की बाधा दूर होती दिखाई दे रही है। रेल मंत्रालय ने इस प्रोजेक्ट को अपनी सैद्धांतिक सहमति दे दी है। परियोजना में केंद्र और राज्य सरकार ने अपनी अपनी भागीदारी तय की थी। परियोजना की निर्माण लागत लगभग 4250 करोड़ व कुल लागत 8250 करोड़ रुपए बताई जा रही है, जिसमें भूमिपूजन की लागत परियोजना अवधि का लगने वाला ब्याज व प्राइस एक्सीलेंस अन्य व्यय सम्मिलित है। परियोजना को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत क्रियान्वित किया जाना है, ताकि ट्रैक बनने में आने वाले खर्च का बोझ कम हो सकेगा।

**पूर्व और पश्चिम क्षेत्र के बाद दक्षिण में होगा रेल लाइन का विस्तार, राज्य सरकार और रेलवे मिलकर करेंगे काम, शिवरीनारायण व अभनपुर और राजिम जाने मिलेगी ट्रेन**

### समस्या से बचने रूट में किया परिवर्तन

तकनीकी व परिचालन संबंधित समस्याओं को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के साथ चर्चा कर छत्तीसगढ़ रेलवे कॉरपोरेशन द्वारा रेल मार्ग में आंशिक संशोधन करते हुए नए रूट का प्रस्ताव छत्तीसगढ़ शासन को प्रेषित किया गया था। नए रूट में रेल लाइन नया रायपुर क्षेत्र के अंदर से गुजरते हुए परमलाकसा रेलवे स्टेशन पर टर्मिनेट होना प्रस्तावित था। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा ट्रेनों के सुचारू रूप से परिचालन के लिए प्रस्ताव दिया गया कि रेल मार्ग नया रायपुर क्षेत्र के बाहर से ले जाया जाए, ताकि रेल मार्ग में पड़ने वाले सरफेस क्रॉसिंग को टाला जा सके। लंबित प्रक्रिया के बाद राज्य सरकार ने जनवरी में डीपीआर पर अपनी सहमति देकर इसे भारतीय रेलवे बोर्ड को सेशन के लिए भेजा था।



### नई रेल लाइन बनेगी

खरसिया से परमालकसा तक नई रेल लाइन बनेगी। इससे दक्षिण के यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा। शिवरीनारायण व अभनपुर और राजिम के लिए यात्रियों को ट्रेन मिल सकेगी।
- **अवधेश कुमार त्रिवेदी**, सीनियर डीसीएम, रायपुर मंडल

### 5 वर्ष के लंबे इंतजार के बाद मंजूरी

खरसिया से परमालकसा नई रेल लाइन बिछाने की योजना 5 साल पहले सामने आई थी। इसके लिए भूमि अधिग्रहण का काम शुरू भी हो गया था, लेकिन रेलवे के मुताबिक पिछली सरकार से सहयोग नहीं मिलने से रेलवे ने तय किया कि रेलवे खुद यह रेल लाइन बनाएगा, लेकिन छत्तीसगढ़ में सरकार बदलने के बाद अब राज्य सरकार और रेलवे की मदद से नई लाइन का विस्तार करने की तैयारी है।

## निगम के सभी जोन में 3 से 4 वार्डों की सीमा बदलने से बढ़ेगी लोगों की परेशानी

# 70 वार्डों के परिसीमन से 6 साल में दूसरी बार सीमाएं व 20 हजार से ज्यादा का बदलेगा पता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

निगम के अफसरों में जून से ही 70 वार्डों के परिसीमन और सीमा विभाजन के लिए घमासान मचा है। अब हर बूथ में 12 से 15 हजार मतदाताओं को आधार बनाकर वार्डों की सीमा बदलने की मुहिम तेज हुई है। इस बदलाव से मतदाताओं की संख्या व आबादी के लिहाज से सीमाएं बदली जाएंगी। यह प्रक्रिया 10 साल में दूसरी बार होने से 20 हजार से ज्यादा परिवारों के घर का पता बदलने वाला है। इसे दुरुस्त कराने के लिए लोगों को दौड़-भाग करनी होगी। राजधानी में निगम के सभी वार्डों को 10 जोन में बांटा गया है। हर जोन में पुरानी व्यवस्था के तहत 7-7 वार्ड ही रहने वाले हैं। 2011 के बाद अभी तक जनगणना नहीं हुई है, लेकिन वार्डों की सीमाएं इस बीच दूसरी बार बदलने की तैयारी है। इससे किस तरह की दिक्कतें आने वाली हैं, इसको लेकर हरिभूमि ने जब कुछ जोन क्षेत्र का जायजा लिया, तो पता चला कि कई वार्डों की अलग-अलग बस्तियों में रहने वाले लोगों का वार्ड बदलने से उनको आधार, पेन, ड्राइविंग लाइसेंस, बैंक पासबुक के साथ ही राशन कार्ड में भी पता बदलेगा। इसके लिए लोगों को कई बार अलग-अलग दफ्तरों में चक्कर भी लगाना होगा। इस तरह की समस्या हर जोन के 3 से 4 वार्डों में खड़ी होगी। इसका असर हर वार्ड के 250 से 300 परिवारों पर इस बार भी पड़ने वाला है।

### परिसीमन में बदल जाएंगे वार्ड

परिसीमन में वार्ड की चारों दिशा से सीमाएं जांची जाएंगी। वार्ड की जनसंख्या देखी जाएगी। उनमें मकान-दुकान की स्थिति और वहां रहने वाले लोगों की जाति, अनुसूचित जाति-जनजाति के आंकड़ों को विभाग को भेजा जाएगा। जरूरत पड़ने पर वार्ड की बस्तियों को छोटे वार्ड में जोड़कर उनका वार्ड नंबर बदला जाएगा। इसका असर परिसीमन के बाद हर जोन के 3 से ज्यादा वार्डों के छोटे-छोटे मोहल्लों में रहने वाले 20 हजार से ज्यादा परिवारों पर पड़ने वाला है, क्योंकि उनका वार्ड नंबर बदलेगा।



- 2011 के बाद अभी तक जनगणना नहीं हुई है

### प्रारूप तैयार, बदलेंगे कुछ वार्ड

शासन के आदेश पर चुनाव से पहले वार्डों का परिसीमन होना है। इसके लिए तय बिन्दुओं के आधार पर प्रारूप तैयार किया गया है। स्वीकृति मिलने के बाद कई बस्तियों में रहने वाले लोगों के वार्ड बदलेंगे।
- **यूएस अग्रवाल**, अपर आयुक्त, नगर निगम, रायपुर

### निगम एक्ट के तहत यह नियम

परिसीमन को लेकर मेयर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में हुई बैठक में चर्चा के बाद परिसीमन के विरोध में एजेंडा भी पास किया जा सकता है। पार्षद दल का मत है कि नगर निगम एक्ट में वार्डों का 10 वर्ष में परिसीमन करने का नियम है। 2019 में निगम चुनाव से पहले यानी 2018 से ही तैयारी शुरू हुई थी। अब 2024 में चुनाव से पहले एक बार फिर पुरानी जनगणना के हिसाब से शहर के 70 वार्डों का परिसीमन सिर्फ सभी बूथों में मतदाताओं की संख्या एवरेज 12 से 15 हजार करने के लिए हो रहा है।

**केस 1**

प्रीतम यादव ने बताया कि 2018-19 में किए गए परिसीमन में श्रीनगर का एक हिस्सा नेताजी कन्हैया लाल बाजारी वार्ड में जुड़ा। अब वीर शिवाजी वार्ड में शामिल होने से हर दस्तावेज में पता चेंज कराने के लिए फिर से भटकने की नौबत आ गई।

**केस 2**

मुरली नायडू का निवास अभी कन्हैया लाल बाजारी वार्ड की सीमा में झंडा चौक के पास है। शासन के आदेश पर होने वाले परिसीमन में अब झंडा चौक एरिया वार्ड नंबर 17 यानी ठक्कर बापा वार्ड में जुड़ने से राशन दुकान का पता भी बदल जाएगा।

**केस 3**

न्यू राजेन्द्र नगर के जनता क्वार्टर को पहले वार्ड 46 में शामिल किया गया था। इससे इंद्रेश पांडेय का वार्ड बदला और वे वार्ड 50 में शामिल हुए। अब किए जा रहे परिसीमन में उनका पता और वार्ड एक बार फिर बदलकर उन्हें वार्ड 52 में जोड़ा जाएगा।

# तहसीलदारों को मिला आश्वासन स्थगित की हड़ताल, मांग पूरी नहीं होने पर 22 से अनिश्चितकालीन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के तहसीलदार और नायब तहसीलदार संघ ने शुक्रवार को प्रदेश राजस्व सचिव से मिले आश्वास के बाद हड़ताल स्थगित कर दी है। हालांकि हड़ताल स्थगित करने के साथ संघ ने चेतावनी भी दी है, यदि उनकी दो प्रमुख मांग आगामी 10 दिनों के भीतर पूरा नहीं किया जाता है तो आगामी 22 जुलाई से पुनः अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे।

संघ के प्रांताध्यक्ष नीलमणि दुबे ने बताया कि अपनी मांगों को लेकर उन्होंने प्रदेश राजस्व सचिव को ज्ञापन सौंपा था। इस ज्ञापन में तीन दिन की हड़ताल की घोषणा की थी। हड़ताल के तीसरे दिन संघ के कार्यकारिणी सदस्यों ने पुनः राजस्व सचिव से अपनी मांगों को लेकर मुलाकात कर चर्चा की। इस चर्चा में तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर प्रमोशन में 50-50 प्रतिशत, नायब तहसीलदारों को राजपत्रित बनाए जाने तथा जजेस प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया गया है। इस आश्वासन के साथ इससे संबंधित फाइल को आगे बढ़ाने की बात भी कहीं गई है। इस आश्वासन के बाद संघ ने हड़ताल को स्थगित कर दिया है।

### दस दिन का अल्टीमेटम

राजस्व सचिव से मिले आश्वासन के बाद संघ ने हड़ताल जरूर स्थगित कर दी है, लेकिन इसके साथ ही अल्टीमेटम भी दिया है। संघ ने राजस्व सचिव से कहा है कि तहसीलदारों की न्यायालयवार सुरक्षा देने, अधीक्षक सहायक अधीक्षक भू अभिलेख को तहसीलदार बनाने तथा तहसीलदार नायब तहसीलदार को उनके पद के विपरीत अटैच किए जाने के संबंध में अगर आगामी 10 दिनों के भीतर कोई ठोस कदम उठाया नहीं गया तो 22 जुलाई से संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे।

# सिकलसेल, किडनी की बीमारी पर मिलकर काम करेंगे एम्स और आईजीएनटीयू




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- दोनों संस्थानों में होने वाले रिसर्च पर करेंगे सहयोग, हुआ एमओयू

ग्रामीण इलाकों में सिकलसेल, किडनी की बीमारी तथा आनुवांशिक रोगों की रोकथाम के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर और इंदिरा गांधी नेशनल ट्रायबल विवि अमरकंटक मिलकर काम करेंगे। विभिन्न परियोजनाओं में उनके द्वारा एक दूसरे का सहयोग किया जाएगा और ग्रामीण इलाकों में जागरूकता लाने की कोशिश होगी।

दोनों संस्थाओं के बीच हुए एमओयू के दौरान ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य संबंधी समस्या और उनमें जागरूकता की कमी पर चिंता जताई गई है। इस दौरान एम्स के निदेशक अशोक जिंदल ने बताया कि एम्स जेनेटिक रोग विशेषकर सिकलसेल पर रिसर्च कर रहा है। इसके लिए एक जेनेटिक लैब की स्थापना की जाएगी। इस दौरान आईजीएनटीयू के कुलपति प्रकाशमणि त्रिपाठी ने कहा कि ट्रायबल इलाके में त्वचा रोग, कैंसर और किडनी की विपलता के अधिक मामले चिंता का कारण हैं। उन्होंने बताया कि विवि हर्बल मेडिसिन, स्किल डेवलपमेंट और योग पर काम कर रहा है। उनके द्वारा जेनेटिक लैब की स्थापना के लिए हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन भी दिया गया। एम्स प्रबंधन उन्हें ग्रामीण इलाकों में जन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने में सहयोग करेगा।

# आरडी तिवारी स्कूल पीएम श्री योजना में मूणत के प्रयास को मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर शहर के आरडी तिवारी स्कूल को पीएम श्री योजना में शामिल किया गया है। स्कूल को केंद्र सरकार की योजना में शामिल करवाने में पूर्व कैबिनेट मंत्री और स्थानीय विधायक राजेश मूणत की अहम भूमिका रही है। श्री मूणत ने बताया, पीएम श्री योजना में शामिल होने के बाद स्कूल को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी, स्मार्ट क्लासरूम और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस किया जाएगा।

श्री मूणत ने कहा, छत्तीसगढ़ में अब भाजपा की सरकार है। डबल इंजन की सरकार होने का लाभ आमजनों को मिलना स्वाभाविक है। उन्होंने बताया, प्रधानमंत्री स्कूल फार राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) योजना के तहत आरडी तिवारी स्कूल समेत 52 अन्य स्कूलों को शामिल कर लिया गया है। समग्र शिक्षा के प्रस्ताव पर केंद्र सरकार ने इन स्कूलों के नामों पर अंतिम मुहर लगा दी है। श्री मूणत ने बताया, पीएमश्री योजना के दायरे में आने वाले स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, वर्चुअल रियल्टी, रोबोटिक टेक्नोलाजी के साथ अध्ययन-अध्यापन की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अलावा इन स्कूलों को ग्रीन स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा।

यहां सौर पॉवर की सुविधा होगी। इनडोर गेम सुविधा, कैरियर गाइडेंस, एक्सपोजर विजिट कराया जाएगा। अधोसंरचना के साथ आईसीटी स्मार्ट क्लास की सुविधा दी जाएगी।

# आदतन बदमाश ने नशे की हालत में दर्जनभर दुकानों में की तोड़फोड़, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कालोनी में आए दिन आरोपी नशे की हालत में कोई न कोई अपराध करता रहता है

बोरियाकला हाउसिंग बोर्ड व्यवसायिक परिसर में शुक्रवार को एक आदतन अपराधी ने नशे की हालत में जमकर उपद्रव मचाया। आरोपी ने करीब दर्जनभर दुकानों में जाकर तोड़फोड़ कर दी। घटना के बाद पुलिस ने दुकान संचालकों की रिपोर्ट पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि आरोपी पुराना बदमाश है। कुछ मामलों में जेल भी जा चुका है। इस तरह कालोनी में आए दिन आरोपी नशे की हालत में कोई न कोई अपराध करता रहता है, जिससे हर कोई परेशान है। इसे देखते हुए दुकानदार व कालोनीवासियों ने आरोपी को जिलाबदर किए जाने की भी मांग की है।

मुजगहन थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बोरियाकला निवासी अमित सोनी सुबह करीब 11.30 बजे नशे की हालत में हाउसिंग बोर्ड व्यवसायिक परिसर पहुंचा और यहां करीब दर्जनभर दुकानों में बारी-बारी से जाकर गाली-गलौज करते हुए लोहे के हथियार से जमकर तोड़फोड़ की। इस घटना से सभी दुकानदार भयभीत हैं। दुकानदारों ने घटना के कुछ देर बाद थाने में जाकर इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने रिपोर्ट के बाद अमित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तोड़फोड़ में उपयोग में लाया गया हथियार जब्त किया है। एक दुकानदार ने आरोपी के भय से नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि आरोपी के आतंक से कालोनीवासी भयभीत हैं, इसलिए कालोनीवासियों ने अब आरोपी को जिलाबदर किए जाने की मांग पुलिस से की है।



### आवारा मवेशियों की धरपकड़ जारी

**रायपुर।** नगर निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में आवारा मवेशियों की धरपकड़ का अभियान जारी है। इस क्रम में शुक्रवार को अभियान चलाकर नगर निगम जोन-6 की काऊकैचर टीम द्वारा जोन के क्षेत्र के तहत नरैया तालाब के पास पुलिस लाइन मार्ग में 10 आवारा मवेशियों की धरपकड़ काऊकैचर वाहन एवं विशेष टीम के श्रमवीरों की सहायता से की गई। इसी प्रकार जोन-4 की काऊकैचर टीम द्वारा जयस्तंभ चौक वार्ड क्रमांक 46 क्षेत्र से 2 और 2 पीडब्ल्यूडी चौक वार्ड क्रमांक 57 के एक तथा बूढ़ापारा वार्ड क्रमांक 45 से 1, इस प्रकार कुल 4 आवारा मवेशियों की धरपकड़ काऊकैचर वाहन और विशेष टीम के श्रमवीरों की सहायता से की गई।

# एक नवंबर से लागू होगी नई औद्योगिक नीति : देवांगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा है कि प्रदेश की नई औद्योगिक नीति 1 नवम्बर 2024 से लागू होगी। नई औद्योगिक नीति के आधार पर यहां निवेश करने का एक बड़ा आकर्षण होगा, जो न केवल राज्य के विकास को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को और मजबूती प्रदान करेगा। इससे प्रदेश में बेहतर औद्योगिक वातावरण का निर्माण होगा और प्रदेश के निवासियों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खनिज संसाधनों से भरपूर छत्तीसगढ़ में उद्योग धंधे स्थापित करने की भरपूर संभावनाएं हैं।

- नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सेमिनार

मंत्री श्री देवांगन ने शुक्रवार शाम रायपुर के तेलीबांधा स्थित एक निजी होटल में आयोजित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के सेमिनार के शुभारंभ अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार का गठन हुए 7 महीने होने जा रहा है। इसमें 3 महीना लोकसभा चुनाव की आदर्श आचरण संहिता में बीत गए। प्रदेश की नई सरकार को काम करने का मात्र तीन महीना ही अभी मिल पाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से छत्तीसगढ़ में अब डबल इंजन की सरकार हो गई है। इससे प्रदेश का तेजी से विकास होगा।




### एनएसई में राज्य की छह कंपनियां शामिल

छत्तीसगढ़ राज्य में लगभग 600 बड़ी कंपनियां संचालित हैं, जिनमें से हाल ही में राज्य की 6 इकाइयां क्रमशः श्री वासु लॉजिस्टिक लिमि, जैनम फेयरो एलोएस लिमि. केएन एग्री रिसोर्सेस लिमि., अर्हम टेक्नालॉजिस लिमि., चमन मेटालिक्स लिमि. एवं एटमास्टको लिमि. एनएसई में सूचीबद्ध हुई है, जबकि देश में लगभग 2512 कंपनियां एनएसई में रजिस्टर्ड हैं, जिनकी कुल बाजार पूंजी 464.38 लाख करोड़ है। उन्होंने उम्मीद जताई की आगामी वर्षों में देश की कुल बाजार पूंजी में छत्तीसगढ़ का भी योगदान निरंतर बढ़ता रहेगा।

### उद्योग विभाग सेमिनार में शामिल

उद्योग विभाग के समन्वय से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में स्थानीय उद्योगों और कंपनियों को शेयर मार्केट के माध्यम से निवेश प्राप्त करने हेतु नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टिंग करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। स्थानीय कंपनियों के स्टॉक एक्सचेंज के माध्यम से आईपीओ जारी करने और निवेश प्राप्त करने के लिए एक प्लेटफॉर्म के रूप में यह आयोजन काफी मददगार साबित हुआ।

# बांग्लादेशी फ्लाइट का नहीं निकला हल चार करोड़ तक पहुंच गया पार्किंग किराया

- पिछले नौ साल से विमानतल पर खड़ी हुई, केंद्रीय स्तर पर मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर पिछले नौ साल से खड़ी बांग्लादेश का इमरजेंसी लैंडिंग करने वाली फ्लाइट की वापसी का रास्ता अब तक नहीं निकल पाया है। खड़े-खड़े ही उसका किराया चार करोड़ तक पहुंच गया है। इस मामले को केंद्रीय स्तर पर सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है, जिस पर अब तक बड़ी सफलता नहीं मिली है।

सात अगस्त को 2015 को ढाका से मस्कट की यात्रा के दौरान खराबी आने की वजह से इस एयरक्राफ्ट को रायपुर एयरपोर्ट पर उतारा गया था। उस दौरान यह कोई नहीं जानता था कि उस फ्लाइट की वापसी संभव नहीं होगी। लगभग 180 करोड़ रुपए लागत वाली इस फ्लाइट के यात्री दूसरे दिन अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए, कुछ दिन जांच और अन्य औपचारिकता पूरी कर एयरक्राफ्ट के पायलट सहित अन्य स्टाफ बांग्लादेश के लिए रवाना हो गए और फ्लाइट यहीं रह गई। नौ साल से यहीं खड़ी फ्लाइट का पार्किंग किराया जो अब लगभग चार करोड़ तक पहुंच गया है, उसकी वसूली के लिए नीलामी की प्रक्रिया पूरी करने केंद्रीय स्तर पर प्रयास चल रहा है।

इस मामले में शुरुआती दौर में 2 दर्जन से ज्यादा ई-मेल लिखने और विदेश मंत्रालय के दबाव के बाद अब इस एयरलाइंस कंपनी ने केंद्रीय और रायपुर एयरपोर्ट अथॉरिटी को विमान को बेचकर एयरपोर्ट की पार्किंग समेत दूसरे शुल्क अदा करने का भरोसा दिलाया था। इसके लिए विमानन कंपनी के प्रतिनिधि रायपुर आने वाले थे, मगर बाद में ऐसा कुछ हो नहीं पाया। सूत्रों का कहना है कि एयरक्राफ्ट पूरी तरह खराब हो चुका है।


फाइल फोटो

### इंजन में लगी थी आग खेत में गिरा था हिस्सा

सफर के दौरान इस विमान का इंजन फेल हो गया था। इसमें 173 यात्री सवार थे। रायपुर से करीब 90 किलोमीटर दूर बेमेतरा में इंजन का एक हिस्सा आग लगने की वजह से टूटकर खेत में गिर गया था। उस समय इमरजेंसी में विमान को उतारने की अनुमति पायलट ने मांगी थी।

### ट्रायल भी हुआ था

शुरुआती दौर में इस बिगड़े एयरक्राफ्ट को काफी मशक्कत के बाद सुधारा गया था। विमानन कंपनी के प्रतिनिधि और पायलट यहां आए थे और इसका रनवे पर ट्रायल हुआ था, मगर उड़ान की अनुमति नहीं होने की वजह से इसे रोक दिया गया। उस दौरान अधिकारी अनुमति पत्र लाने गए और वापस ही नहीं लौटे।

## खबर संक्षेप



### शिक्षिका ने बेटे के जन्मदिन पर कराया न्योता भोज

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला खैरी विकासखण्ड नवागढ़ में शनिवार को शाला की शिक्षिका प्रभावती कुर्रे ने अपने बेटे के जन्म दिवस की स्मृति में न्योता भोज कराया गया। इसके अंतर्गत बच्चों को खीर पूड़ी मीठा एवं केला दिया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में संकुल समन्वयक किशन कंवर, छेरकापुर के प्रधानपाठक डेरहा राम मारकंडे, छीतापार की प्रधानपाठिका अनामिका यादव, शिक्षिका शशिकला ठाकुर, मदनपुर के शिक्षक किशोर देवांगन, बहरबोड़ की शिक्षिका देवकुमारी चतुर्वेदी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कांता खढ़बंधे, सहायिका यमुना दिवाकर विद्यालय के प्रधानपाठक पवन दास जोशी, शिक्षिका अर्चना ढोबले एवं विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे और सभी ने एक साथ न्योता भोज किया।

### संत ऋषभ सागरजी व रिजु प्रज्ञ सागरजी का मंगल प्रवेश 19 को

**बालोद।** जैन संत उपाध्याय प्रवर महेन्द्र सागरजी एवं मनीष सागरजी के शिष्य ऋषभ सागरजी एवं रिजु प्रज्ञ सागरजी का चातुर्मास बालोद में होने जा रहा है। 19 जुलाई को इन संतों का मंगल प्रवेश नगर में होगा। इनके प्रवेश की व्यापक तैयारियां की जा रही है। संत गण चार माह के लिए महावीर भवन में विराजेंगे, जहां प्रतिदिन 8:30 बजे से प्रवचन प्रारंभ होगा। चातुर्मास के सफल आयोजन के लिए समिति बनाई गई है, जिसके पदाधिकारी मे संरक्षक डॉ प्रदीप जैन, मोहन नाहटा, बाबूलाल ढेलडिया, रूपचंद गोलछा, गुलाबचंद नाहटा, मदनलाल बाफना, अध्यक्ष मुकेश भंसाली, सचिव राहुल गोलछा, उपाध्यक्ष प्रकाश भंसाली, संत सेवा समिति श्रेणिक नवलखा, ऋषभ चौरड़िया, विकास भंसाली, धीरज बरडिया, सौरभ राणपरिया, सन्तोष गोलछा, गौरव गोलछा, जयचंद श्रीश्रीमाल, रमन पारख, राजीव जैन, भोजन व्यवस्था प्रभारी निशांत चौरड़िया, लक्की लोढ़ा शुभम श्रीश्रीमाल, शुभम नाहटा, ऋषभ श्रीश्रीमाल, कांतिलाल कंवाड अजय डुंगरवाल, ओमप्रकाश भंसाली, जितेंद्र टाटिया, प्रवचन व्यवस्था प्रमोद गोलछा, शांतिलाल भूगड़ी, विनोद गोलछा, संतोष नवलखाख, आवास व्यवस्था–प्रदीप चौरड़िया(गोलू) विजय डुंगरवाल, प्रशांत (रिंकू) गोलछा, जिनेन्द्र मालू, सांस्कृतिक प्रभारी श्रेयांश भंसाली, समकित सांखला, अक्षय चौरड़िया, मीडिया प्रभारी रूपचंद गोलछा को बनाया गया है। जैन श्रीसंघ एवं संभवनाथ जैन मंदिर समिति तथा चातुर्मास आयोजन समिति ने संतों के प्रवेश एवं अन्य आयोजनों में सम्मिलित होकर चातुर्मास को सफल बनाने की अपील की है। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी रूपचंद जैन ने दी।

### पर्यावरण को सहेजने आंगनबाड़ी केंद्र में किया गया पौधारोपण

**सेलूद।** छत्तीसगढ़ सरकार की योजना पर्यावरण को हरा भरा बनाने के लिए अपने अपने माँ के नाम एक पौधा लगाने की अपील की गई। वहीं आंगन बाड़ी केन्द्र कमांक 2 में माँ के नाम एक पेंड और बेटी के नाम एक पेड़ लगाया गया । इस अवसर पर खेमिन साहू सरपंच ग्राम पंचायत सेलूद, सुरेन्द्र बंछोर अध्यक्ष ग्राम सभा सेलूद, उपाध्यक्ष टागनलाल साहू, हेमलता देवाँगन, विकाश बारले, लवन बंजारे, दिनेन्द्र जांगड़े सुनिता वर्मा एवं ग्रामिण जन उपस्थित थे।

### गौरव ग्राम अंडा में खिला ब्रम्हकमल

**अंडा।** क्षेत्र के गौरव ग्राम अंडा में योगी निवास में हिमालय की पहाड़ियों में खिलने वाला दुर्लभ फूल खिला। सेवानिवृत्त रामकृष्ण योगी के निवास में ब्रम्हकमल का फूल खिला। उत्तराखंड के राजकीय पुष्प ब्रम्हकमल को पूर्ण रूप से पुष्पित होने में एक सप्ताह का समय लगा। श्री योगी के अनुसार फूल 12 जुलाई को रात्रि 9 बजे पुष्पित हुआ। ब्रम्हकमल खिलने की जानकारी मिलने पर यह विशेष तरह का फूल देखने मुरली कृष्णा योगी, अमर नाथ योगी, राजेंद्र चंद्राकर श्री योगी के घर पहुंचे। ने दर्शन किये।

**कार्यक्रम :** शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर में लगाए गए पौधे

# पर्यावरण को बचाने और शुद्ध बनाने एक पौधा जरूर लगाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत बच्चों को समूह में विभाजित किया गया और संकुल समन्वयक प्रकाश कुंजाम के एवं शाला परिवार द्वारा पौधों का रोपण किया गया। शाला की प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल ने इस अवसर पर कहा कि पेड़ पौधों के महत्व को हर किसी को समझना होगा, और जब तक हम सब इसके महत्व को नहीं समझेंगे तब तक पर्यावरण संरक्षण की दिशा मे उठाया गया कदम सार्थक नहीं होगा। बच्चों तथा शिक्षकों द्वारा एक पेड़ माँ के नाम से संबंधित चित्रकारी भी किया गया तथा उक्त पेड़ की सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रत्येक समूह के बच्चों को बारी बारी दिया गया। संकुल समन्वयक प्रकाश कुंजाम के द्वारा बच्चों को उक्त अभियान के विषय मे विस्तार से बताया गया। प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल ने बच्चों से अपने घरों, गली मोहल्ले, तालाब किनारे आदि स्थानों पर एक पेड़ माँ के नाम से रोपित करने व उसकी सुरक्षा की अपील की। उन्होंने कहा कि माँ के नाम से पेड़ लगाने से अपनी माँ का सम्मान तो होगा ही, साथ ही धरती माँ की भी रक्षा होगी। उन्होंने कहा कि वनों की कटाई पर्यावरण के लिये बहुत बड़ा खतरा है। पेड़ों और जंगलों की सुरक्षा कई प्रजातियों के लिये महत्वपूर्ण हैं। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ माँ की सेवा के प्रवित्र भाव को भी मजबूती प्रदान करेगा। उक्त आयोजन में संकुल समन्वयक प्रकाश कुंजाम, प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल, मैमुना सुल्ताना, आशुतोष चौबे, श्वेता वर्मा, रसोइया पुष्पा साहू, महेशिया निषाद, सुनीता साहू, सुंदर ठाकुर तथा शाला के सभी बच्चे उपस्थित थे।

■ प्रधान पाठिका ने बताया पेड़-पौधों का महत्व

### प्राथमिक शाला परसबोड़ में किया गया पौधारोपण

**साजा।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शासकीय प्राथमिक शाला परसबोड़ में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख आशा बंजारे, शिक्षिका मोंगरा साहू, चुनेश्वरी कौशल, दीप्ति देवांगन ज्ञानी सोनी पिंकी देवागंन सीमा वर्मा सहित शाला के बच्चे उपस्थित थे।



## प्राथमिक शाला गुनरबोड़ में लगाए गए पौधे



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड़ में जल संरक्षण विभाग एवं प्राथमिक शाला के स्टॉफ के द्वारा सामुहिक रूप से शाला परिसर में गुणकारी पौधे लगाए गए। बच्चों को वृक्षारोपण के महत्व को बताया गया। साथ ही बच्चों को जल संरक्षण की जानकारी दी गई। जल ही जीवन है, जल है तो कल है, इन बहुत सुंदर पंक्तियां के भावों को बच्चों को बताया गया और हर हाल में जल का संरक्षण करने का आह्वान बच्चों से किया गया। पेड़ पौधों और जल के अभाव में जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती। इन्हीं सब के कारण ही गर्मी के दिनों में अब हीट वेव चलना शुरू हो गया है। जिनका प्रकोप हम गर्मी के दिनों में झेल रहे हैं भविष्य में इसके और भी कष्टप्रद होने की संभावना है। अगर समय रहते हम वृक्षारोपण नहीं करेंगे और जल का संरक्षण नहीं करेंगे तो भविष्य में स्थिति और भी भयावह हो सकती है।

**स्वच्छता का बताया महत्व-** बच्चों को शिक्षिका विधि शर्मा ने स्वच्छता संबंधी निर्देश दिए गए। शिक्षिका ने बच्चों को बताया कि बरसात के मौसम में बीमारियों के संक्रमण का खतरा अधिक होता है अतः हमें ताजा भोजन ही करना चाहिए। भोजन एवं पानी को हमेशा ढककर रखना चाहिए। पानी को उबाल एवं छानकर पीना चाहिए तथा शौच से आने के बाद एवं भोजन से पूर्व हाथ जरूर धोना चाहिए। उंगलियों को बेवजह मुंह में ना डालें। बाहर की खुली बिकने वाली चीज बिलकुल नहीं खाए। शाला के प्रधान पाठक ललित कुमार निर्मलकर ने बच्चों से कहा की स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है।

## ककरेल में हुआ बाल कैबिनेट का गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

विकासखण्ड अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला ककरेल संकुल पथराटोला में बाल कैबिनेट एवं इको क्लब का गठन किया गया। इसके तहत कक्षा छठवीं से आठवीं तक के छात्र एवं छात्राओं को शालेय गतिविधियों में उनकी सहभागिता के लिए बाल कैबिनेट के माध्यम से प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री, गृह मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, स्वच्छता मंत्री, नेता प्रतिपक्ष, अध्यक्ष जैसे पदों के लिए चुना गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण, किचन गार्डन एवं शाला की सुंदरता को बनाए रखने के लिए इको क्लब का गठन किया गया । बच्चों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी एवं अनुशासित ढंग से करने के लिए प्रधान पाठक सोहनलाल जैन ने शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन कर रहे सुमरित ठाकुर, गणेश बेलचंदन एवं हलधर प्रसाद साहू ने बच्चों को उनके पद एवं कार्यों को बड़े ही अच्छे ढंग से समझाया। सभी नवपदस्थ पदाधिकारियों को तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक ओमप्रकाश सोयाम, सोहनलाल ठाकुर का सहयोग रहा।

### मां और प्रकृति निःस्वार्थ प्रेम के प्रतीक हैंः ललित

**भिलाई।** विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरुआत कर प्रकृति संरक्षण पर बल दिया है।शुक्रवार को दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत मिनीमाता मरोदा के आंगन बड़ी केन्द्र क्रमांक 9 परिसर में इस अभियान के तहत परियोजना अधिकारी रचिता नायडू व आंगन बाड़ी कार्यकर्ता की उपस्थिति में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर अपनी माता के नाम से पौधारोपण किया और सभी से आग्रह किया कि अपनी माता के नाम एक पेड़ लगाए और पर्यावरण को बचाएं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, सांसद प्रतिनिधि पप्पू चंद्राकर, महामंत्री राजू जघेंल, अनुपम साहू, अशपुरण चौधरी, पार्षद नवीन ममता सिन्हा, परियोजना अधिकारी रचिता नायडू, सुपरवाइजर शिल्पा श्रीवास्तव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता निर्मला गर्ग, पूजा साहू, जागेश्वरी जांगड़े, रेखा चेलक, गुरमीत कौर आदि संग बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## हनोदा में किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा





एक पेड़ मां के नाम आभियान के तहत शनिवार को ग्राम हनोदा स्थित मानसरोवर कालोनी में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यअतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। उन्होंने लोगों को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह मां हमें जीवन देती हैं, हमारा पालन-पोषण करती हैं, वैसे ही प्रकृति भी हमारे लिए जीवनदायिनी है। इसकी सुरक्षा और संवर्धन हमारी जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा, महामंत्री सोनू राजपूत, हनोदा सरपंच तेजराम चंदेल, उप सरपंच प्रवीण चंद्राकर, मोहन साहू, डॉ. सीएल साहू, घनश्याम घृतलहरे, डॉ नम्रता बंजारे महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी सोनल शर्मा, सुनिता चंदेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नवागांव गहिरा विद्यालय में बाल कैबिनेट गठित



**साजा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव गहिरा में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। इसके तहत सर्वसम्मति से शाला नायक बिट्टू यदु कक्षा आठवीं और उप शाला नायिका पार्वती ठाकुर कक्षा आठवीं को चुना गया। साथ ही क्रीड़ा, स्वच्छता, कक्षा नायक, कक्षा उपनायक और सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के मंत्रियों का भी चुनाव निर्विरोध किया गया। चुने हुए शाला प्रतिनिधियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई और शाला के प्रति उनके कर्तव्यों को बताया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक महेश साहू, राजेन्द रात्रे और योगेश साहू उपस्थित रहे।

## पूर्व माध्यमिक शाला परपोड़ा में बाल सदन का हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला



विकासखण्ड बेरला के अंतर्गत आने वाले शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परपोड़ा में बाल सदन की गठन किया गया। बाल संसद विद्यालय के सभी बच्चों का एक ऐसा मंच है जहां पर वे अपने विद्यालय, समाज, परिवार, स्वास्थ्य, शिक्षा और अपने अधिकारों की बात खुल कर कह सकेंगे। बाल संसद ऐसा मंच प्रदान करना, जहां वे अपने विचार रख सके और विद्यालय के प्रबंधन और विकास में भागीदार बन सके। बच्चों में जीवन कौशल का विकास करने के लिए निर्णय और संप्रेषण लेने की क्षमता अर्थात बच्चों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास करने के लिए विद्यालय को आनंददायी, सुरक्षित और साफ-सुथरा रखने के लिए बनाया गया है। जिस पर शिक्षकों ने बच्चों को जिम्मेदारी सौंप कर उनके भीतर रोचकता लाने का विशेष पहल किया गया। पंचायत, नगरपंचायत, विधानसभा, लोकसभा जैसे चुनाव की भांति जानकारी देते हुए निर्वाचन की प्रक्रिया को बताया गया। इससे बच्चों की सर्वांगीण विकास व कौशल में गुणवत्ता आएगी। इसी के चलते शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परपोड़ा में बाल संसद की गठन पर प्रधानमंत्री के पद पर जीवन साहू कक्षा 8वीं, शिक्षामंत्री विनय, कानून मंत्री मनीष, स्वच्छता मंत्री विशाल कक्षा 6वीं, खेल मंत्री समीर, कृषि मंत्री हेमा, स्वास्थ्य मंत्री के रूप में पायल मनोनीत किये गए। इन सभी पदाधिकारियों का चयन विधिवत तरीके से किया गया।सभी निर्वाचित निर्वहन करने का शपथ लिया गया। इस कार्यक्रम में शाला के प्रधान पाठक, संकुल समन्वयक व सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे।

**दूर हुई लो-वोल्टेज की समस्या, किसानों को नहीं होगी परेशानी**

# क्षेत्र में ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



आगामी धान की फसल में सिंचाई के लिए किसानों को समस्या न हो इसके लिये ट्रांसमिशन कंपनी ने बेमेतरा के 220/132 केव्ही अति उच्चदाब (ईएचटी) सब-स्टेशन में रिकार्ड समय में नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया है। आमतौर पर इस कार्य में कई महीने लग जाते हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं पॉवर कंपनीज़ के अध्यक्ष पी. दयानंद के निर्देश पर अधिकारियों ने इस कार्य को महज दो महीने में पूरा करके 63 एमवीए के विशाल ट्रांसफार्मर को ऊर्जीकृत कर लिया है। इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री श्री साय एवं अध्यक्ष श्री दयानंद ने ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक आरके शुक्ला एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर एवं अन्य अधिकारियों को बधाई दी है। इस अवसर पर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के मुख्य अभियंता (दुर्ग रीजन) एम.जामुलकर एवं अधीक्षण अभियंता आर के तिवारी,सुनील भुआर्य, आर के राठौर एवं कार्यपालन अभियंता एस लोन्हारे,वीरेंद्र कुमार, जेएस भटनागर, एमके शुक्ला, रूबी सारिका एवं सहायक अभियंतागण तथा अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

**रबी सीजन में आई थी लो-वोल्टेज की समस्या-** उल्लेखनीय है कि बीते रबी सीजन में बेमेतरा के कुछ क्षेत्र में कृषि पंपों में लो-वोल्टेज की समस्या ध्यान में लाई गई थी, जिसके बाद राज्य शासन ने त्वरित गति से स्थायी समाधान के निर्देश दिए थे। इस पर कार्रवाई करते हुए ट्रांसमिशन कंपनी ने विद्युत आपूर्ति को प्रभावित किये बिना बेमेतरा के 220/132/33 केवी सब-स्टेशन में 63 एमव्हीए की क्षमता का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। इसकी लागत 2.38 करोड़ रूपए है। इससे वहां की क्षमता बढ़कर अब 126 एमव्हीए हो गई है। इससे जहां पहले इस सब-स्टेशन से 50 मेगावाट क्षमता तक विद्युत आपूर्ति होती थी, वह बढ़कर अब 110 मेगावाट तक हो सकेगी। इससे बेमतरा, नवागढ़ व बेरला क्षेत्र में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति हो सकेगी। इसका सीधा लाभ 134 गांवों को मिलेगा, जहां लगभग 12 हजार कृषि पंप कनेक्शन हैं।

## संकट में भी रखें धैर्य ईश्वर का करें स्मरण

**थान खमरिया।** व्यासपीठ पर आसीन कथावाचक पराशर ने भक्ति और समर्पण भाव का उल्लेख किया। उन्होंने गजेन्द्र मोक्ष की कथा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्राचीन काल में त्रिकूट नामक पर्वत पर एक सुंदर सरोवर था। एक दिन गजेन्द्र नामक हाथी अपने साथियों के साथ उस सरोवर में जल क्रीड़ा करने गया। जल में प्रवेश करते ही एक विशाल मगरमच्छ ने उसका पैर पकड़ लिया। गजेन्द्र ने अपनी पूरी शक्ति लगाई, लेकिन मगरमच्छ के मजबूत पकड़ से छूट नहीं पाया। हाथी और मगरमच्छ के बीच यह संघर्ष बहुत समय तक चला।जब गजेन्द्र को अपनी शक्ति समाप्त होती दिखी और उसे अहसास हुआ कि वह अपने बल पर इस संकट से मुक्त नहीं हो सकता, तो उसने भगवान विष्णु का स्मरण किया और उन्हें पुकारा। गजेन्द्र ने एक कमल का फूल तोड़कर भगवान विष्णु को अर्पित करते हुए उनसे प्रार्थना की।गजेन्द्र की भक्ति और प्रार्थना सुनकर भगवान विष्णु तुरंत गरुड़ पर आरूढ़ होकर वहां आए। उन्होंने अपने सुदर्शन चक्र से मगरमच्छ का वध कर दिया और गजेन्द्र को मुक्त कर दिया। गजेन्द्र ने भगवान विष्णु का धन्यवाद किया और उनके चरणों में समर्पित हो गया। इस प्रकार श्री पराशर जी ने श्रद्धालुओं को संकट के समय धैर्य होकर ईश्वर के प्रति समर्पण भाव से भक्ति करने का संदेश दिया।

